नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में दो दिवसीय उद्यमी शिक्षाविद सम्मेलन का शुभारंभ

जबलपुर। आज दिनांक 26/5/2022 माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी, के मार्गदर्शन एवं अभिप्रेरणा से नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में दो दिवसीय उद्यमी शिक्षाविद सम्मेलन एवं प्लेटिनम जुबली कार्यक्रम को शुभारंभ हुआ। वेटरनरी कॉलेज के वर्ष 1988 बैच के पूर्व छात्र एवं प्रख्यात व्यवसायी बैंगलुरू से आए डॉ. जितेन्द्र वर्मा ने कहा कि आज हर काई जॉब चहता है, जबकि आज के दौर में नए वेटरनियस को थोड़ा हट के सोचने की जरूरत है नए वेटरनियस को सिर्फ जॉब के बारे में न सोचते हुए सेल्फ एम्पलायमेंट के साथ आगे बढ़ना चाहिए। नए छात्र फार्मास्यूटिकल, फीड इंडस्ट्री, पेट क्लीनिक, स्टार्टअप से एक सफल उद्यमी बनकर न सिर्फ अपने बल्कि देश के उन व्यवसायियों की लिस्ट में शामिल हो सकते है। जिन्होंने खुद व्यवसाय शुरू कर कई लागों को नौकरी दी है। यह उद्गार डॉ. वर्मा ने नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के सिविल लाइन वेटरनरी कॉलेज के सभागार में आज से शुरू हो रहे दो दिवसीय संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। इसी श्रंखला में जबलपुर, महू और रीवा से शिक्षा प्राप्त एवं देशभर के विभिन्न राज्यों से एलुमिनाई का महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के साथ वार्तालाप का महाविद्यालय के छात्रों को प्रेरणा देकर उन्हें भविष्य में स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन किया गया। सभी ने छात्र–छात्राओं को पशु चिकित्सा के क्षेत्र से रोजगारोउन्मुखी, नए आयाम के विषय में चर्चा की गई, इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. पंकज शुक्ला, डॉ. जितेन्द्र वर्मा, डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. मनीष जैन, डॉ. नरेन्द्र चौहार, डॉ. सुधीर यादव, डॉ. आकाश बाधगरे, डॉ, विशाल रावत, डॉ. चितवन, स्वात्रा एवं डॉ. सन्मत जैन, मधु स्वामी, डॉ. सुनील नायक, डॉ. गिरिधारी दास एवं डॉ. शोभा जावरे, डॉ. अंकुर खरे आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. पूनम शाक्या द्वारा एवं आभार प्रदर्शन डॉ. अनुश्री तिवारी, द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर